


तिल्ली, इसको डंडे पे ही रखना

साउथ अफ्रीका ही ले लीजिए, जहां मैंने पहली बार 5 विकेट हासिल किए। जेपी ड्यूमनी उस समय बैटिंग कर रहे थे। मैं उन्हें आउट करना चाहता था। माही भाई आए और उन्होंने कहा, इसको सीधा स्टंप टू स्टंप डाल। वह वापस स्टंप्स पर गए और उन्होंने वहां से फिर चिल्ला कर कहा, तिल्ली, इसको डंडे पे ही रखना। मैंने उनकी बात मानी और ड्यूमनी ने स्वीप करने की कोशिश की और वह स्टंप आउट हो गए। चहल ने भारत के लिए 52 वनडे और 42 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं।

## मेरे और कुलदीप के लिए समस्या सुलझाने वाले खिलाड़ी हैं धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस बात में किसी को कोई संदेह नहीं कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भारतीय टीम के सबसे ज्यादा प्रेरित करने वाले कप्तान रहे हैं। धोनी अब भले ही कप्तान न हों लेकिन युवाओं को मेंटॉर सीखाते में वह अभी भी ऐक्टिव हैं। जब धोनी ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी थी और फिर विराट कोहली को टीम इंडिया की कमान सौंपी गई थी, तो उन्होंने ट्वीट कर लिखा था, आप हमेशा मेरे कप्तान रहोगे। हाल ही में युवा लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के साथ एक इंटरव्यू किया। इस इंटरव्यू में चहल ने धोनी की खूबियों पर बात करते हुए उन्हें प्रॉबलम सॉल्वर (समस्या को हल करने वाला) बताया। चहल ने बताया कि मेरे पास ऐसे ढेरों उदाहरण हैं, जब मैच के दौरान उन्होंने हमें सही बोलिंग करने की बात बताई और हमें विकेट हासिल हुए। भारत ने एमएस धोनी के रूप में सर्वश्रेष्ठ और महान खिलाड़ी दिया है। कभी–कभी बल्लेबाज मेरे खिलाफ बाउंड्री मार रहे होते हैं और फिर वह (धोनी) मेरे पास आते हैं और मेरे कंधे पर हाथ रखकर मुझे कहते हैं इसको गुगली डाल, ये नहीं खेल पाएगा।

# भारत की एक और सीरीज पर गिरेगी कोविड की गाज!

क्रिकेट

## भारत की इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज स्थगित होना तय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम की इंग्लैंड के खिलाफ सितंबर में होने वाली छह मैचों की सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज और न्यूजीलैंड ए टीम का अगले महीने का दौरा कोविड–19 महामारी को देखते हुए स्थगित होना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी इस संबंध में औपचारिक घोषणा नहीं की है लेकिन जल्द ही ऐसा होने की संभावना है।

बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'इंग्लैंड को सितंबर के आखिर में छह मैच (तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय) खेलने थे। निश्चित तौर पर वर्तमान परिस्थितियों में इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर नहीं आ सकती है।' बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की शुक्रवार को बैठक होगी जिसमें भारत के भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) चर्चा का मुख्य विषय होगा। अधिकारी ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि एफटीपी मामले पर चर्चा के बाद औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी क्योंकि यह शुक्रवार को होने वाली शीर्ष परिषद के एजेंडा का हिस्सा है। न्यूजीलैंड 'ए' को अगस्त में भारत दौरे पर आना है और उसके भी आने की संभावना नहीं है।



ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड की टीम यह सीरीज खेलने के लिए अगले साल सितंबर में भारत दौरे पर आ सकती है। भारत में कोविड–19 के अभी तक नौ लाख से अधिक मामले सामने आए हैं और मृतकों की संख्या 25,000 तक पहुंचने वाली है।

भारत में अगर सितंबर तक स्थिति सुधर भी जाती है तब भी इंग्लैंड के आने की संभावना नहीं है। अधिकारी ने कहा, 'हमारे (बीसीसीआई) अध्यक्ष (सौरव गांगुली) ने हाल में साक्षात्कार में कहा था कि अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो वे अगस्त में शिविर के आयोजन की योजना बना रहे हैं। यह तो हर कोई जानता है कि ऐसी परिस्थितियों में कोई मैच आयोजित नहीं किया जा सकता है।'

सितंबर के आखिर में इंग्लैंड दौरा और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप का स्थगित होना तय है ऐसे में इस दौरान भारत या विदेश में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन किया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट टीम आखिरी बार मार्च में मैदान पर उतरी थी लेकिन तब भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज महामारी के कारण बीच में ही रद्द कर दी गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया ने टी20 बिग बैश लीग का पूरा शेड्यूल जारी किया, भारत दौरे के दौरान होंगे मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। भारत के इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के बहु प्रतीक्षित दौरे के दौरान बिग बैश लीग (बीबीएल) के दसवें सत्र का टूर्नामेंट भी खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को देश की इस प्रमुख टी20 प्रतियोगिता के 61 मैचों का कार्यक्रम जारी किया।

इस कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसंबर को एडिलेड ओवल में एडिलेड स्ट्राइकर्स और मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जाने वाले से मैच से बीबीएल की शुरुआत होगी। इसी दिन से भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। बीबीएल का फाइनल अगले साल छह फरवरी को खेला जाएगा। महिला बीबीएल में 59 मैच होंगे



और यह 17 अक्टूबर से 29 नवंबर तक खेला जाएगा।

10वां बीबीएल 3 दिसंबर से शुरू होगा। पहले मैच में ऐडिलेड स्ट्राइकर का मुकाबला मेलबर्न रेनेगेड्स से होगा। इस लीग में कुल 61 मैच खेले जाएंगे और इसका फाइनल फरवरी की 6 तारीख को होगा।

इस शेड्यूल में महिला बिग बैश लीग की भी घोषणा की गई है जो 17 अक्टूबर से शुरू हो कर नवंबर की 29 तारीख तक चलेगा। इसका अर्थ यह है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया प्रसारणकर्ताओं के साथ अपने अनुबंध को पूरा कर सकेगा और उस पर जुर्माना भी नहीं लगेगा।

हालांकि इस शेड्यूल में तब्दीली की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि मेलबर्न और ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस के नए मामले सामने आने के बाद राज्यों के बीच आवाजाही प्रतिबंधित है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश चीफ ऐलिस्टर डबसन ने कहा कि लीग में लोगों के स्वास्थ्य के लिए जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जाएगा खिलाड़ियों और लोगों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस के काल में शेड्यूल तैयार करना आसान नहीं है। हम इसे देख चुके हैं। लीग पर कई बाहरी चीजों का प्रभाव पड़ सकता है जिसका असर इसके शेड्यूल पर पड़ सकता है।

## पाटिल ने लगाया था गावसकर पर जुर्माना, उल्टा पड़ गया था दांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावसकर ने एक मजेदार वाकये का जिक्र किया है जब संदीप पाटिल ने उन पर टाई न पहनने पर जुर्माना लगाने का प्रयास किया था। उन्होंने यह भी बताया किस तरह उन्होंने बाजी पलटते हुए उल्टा संदीप पाटिल को ही जुर्माना देने पर मजबूर किया था। गासवकर ने भारतीय क्रिकेट के कुछ मजेदार किस्से सुनाते हुए इस वाकये का जिक्र किया। गावसकर गौरव कपूर के साथ 22 यार्नस पॉडकास्ट में बात कर रहे थे। जब गासवकर टीम के कप्तान थे तो उन्होंने टीम के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए संडे क्लब की शुरुआत की थी। टीम के एक सदस्य को क्लब का चेयरमैन बनाया जाता था। वह उस दिन का ड्रेस कोड तय करता था। उन्होंने बताया कि जब संदीप पाटिल को क्लब का चेयरमैन बनाया गया तो उन्होंने अजीब सा ड्रेस कोड तय किया। उन्होंने कहा, जब संदीप पाटिल चेयरमैन थे, वह इस तरह के मजेदार क्लब के लिए परफेक्ट थे। वह काफी मस्ती करते थे। उन्होंने एक ऐसी यूनिफॉर्म तय की जो काफी मजेदार थी। इसमें बालों की मांग बीच में से निकालना भी शामिल थी।

## न्यूज डायरी



### मुश्किल हालात में मैं कोहली से ज्यादा केन पर भरोसा करूंगाः ग्लेन टर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड क्रिकेट में विराट कोहली और केन विलियमसन दो ऐसे बड़े नाम हैं, जिनसे विश्व क्रिकेट प्रभावित होती है। दोनों ही खिलाड़ी बड़े बल्लेबाज होने के साथ–साथ अपनी–अपनी टीम के कप्तान भी हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्लेन टर्नर से जब इन दोनों खिलाड़ियों में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया, तो उन्होंने केन विलियमसन को चुना। टर्नर ने कहा, जिन परिस्थितियों में वे दोनों खेलते हुए बड़े हुए और उन दोनों का व्यक्तित्व भी अलग है। ऐसे में जब भी मुश्किल हालात में बैटिंग की बात होगी तो मैं केन विलियमसन को विराट कोहली से ज्यादा तवज्जो दूंगा। इसके साथ उन्होंने कहा, श्लेकिन यह (विराट) भारतीय कप्तान अच्छी बैटिंग पर पिचों पर उनसे (विलियमसन) से बेहतर साबित होगा क्योंकि ऐसे माहौल में हावी होकर खेलने की उनकी स्वाभाविक क्षमता है।

### वेस्टइंडीज से हार के बावजूद इंग्लैंड की टीम मजबूत रू शान मसूद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शान मसूद इंग्लैंड की वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में चार विकेट से हार को खास तवज्जो नहीं देना चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि एक मैच में हार से कोई टीम कमजोर नहीं हो जाती है। इंग्लैंड साउथम्पटन में रविवार को पहले टेस्ट मैच में चार विकेट से हार गया था। यह कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच था। मसूद ने कहा, ''यह लगभग तीन महीने बाद पहला प्रतिस्पर्धी मैच था और घरेलू टीम पर इसका असर दिखा। लेकिन मुझे लगता है कि उसके (इंग्लैंड) पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। जब जो रूट की कप्तान के रूप में वापसी होगी तो बल्लेबाजी को अधिक स्थिरता मिलेगी। ''पाकिस्तान की टीम तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिये अभी इंग्लैंड में है। इन दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट पांच अगस्त से शुरू होगा।

### बिना लार के गेंद की शाइन बरकरार रखना बहुत मुश्किलः इंग्लैंड टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के इस मुश्किल दौर में कुछ सावधानियों के साथ क्रिकेट की वापसी भले हो गई हो। लेकिन खेल में नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। कोविड–19 के अस्तित्व में आने के बाद फिलहाल इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमें पहली बार क्रिकेट खेल रही हैं। कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए आईसीसी ने कुछ नए नियम तय किए हैं, जिससे खिलाड़ी नए चैलेंज से जूझ रहे हैं। खासतौर से गेंद पर लार लगाने पर बैन से बोलरों को एक तरह से पंगु बना दिया है। इस बैन से पेसर्स को ही नहीं स्पिनर्स को भी मुश्किलें आ रही हैं। साउथैम्पटन में खेले गए टेस्ट मैच में यह बता दिया कि बोलरों को इस नए नियम के हिसाब से ढलने में समय लगेगा। इंग्लिश स्पिनर डॉम बेस ने माना है कि इन हालात में गेंद को स्विंग और स्पिन कराना बहुत मुश्किल काम है। गेंद को बिना शाइन के स्विंग और स्पिन कराना दोनों ही मुश्किल हैं। फिलहाल गेंद को पसीने की मदद से शाइन करने की मंजूरी है।

### प्रदेशों के खेल मंत्रियों ने किरण रिजिजू को दी जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू को मंगलवार को दो दिवसीय ऑनलाइन बैठक के पहले दिन 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों ने कोरोना वायरस महामारी के बाद खेलों को दोबारा शुरू करने की अपनी योजना के बारे में जानकारी दी। राज्यों के मंत्रियों ने सभी राज्यों में जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा और ओलिंपिक स्तर की ट्रेनिंग उपलब्ध कराने के लिए मंत्रालय के कदमों की सराहना की। रिजिजू ने बैठक के बाद बयान में कहा, 'मंत्रियों और अधिकारियों ने खेल और युवा मामलों से जुड़े मुद्दों पर कुछ बहुमूल्य सुझाव दिए... कोविड–19 के बाद के लिए अपनी तैयारी की जानकारी दी... खेल प्रतियोगिताओं और खिलाड़ियों की ट्रेनिंग दोबारा शुरू करने के बारे में।'